दिन–रविवार   दिनांक– 30 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।   संपादक– धर्मेन्द्र कुमार राय
अवधिः– 05 मिनट   टंकक– गोपाल कुमार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री ने कहा कि दो हजार चौबीस का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था जिसमें पैंसठ करोड़ लोगों ने मतदान किया । उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश में ऐसा कभी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने इसके लिए चुनाव आयोग और मतदान प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों को बधाई दी। श्री मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान– एक पेड़ माँ के नाम का उल्लेख करते हुए लोगों से अपील की कि वे अपनी मां के साथ या अपनी मां की स्मृति में एक पेड़ लगाएं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि लोग अपनी माता के साथ या उनकी तस्वीर के साथ पेड़ लगाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस अभियान से धरती माता को भी लाभ होगा और उसकी रक्षा भी होगी। प्रधानमंत्री ने मानसून का उल्लेख करते हुए इस सीजन में भी वोकल फॉर लोकल का आह्वान किया। श्री मोदी ने केरल में बनाए जाने वाली एक विशेष छतरी– कार्थुम्बी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि केरल की आदिवासी महिलाओं ने उद्यमिता का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अन्य भागों में भी एसे ही प्रयास किये जाने चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर हिंदी में एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इसे कुवैत रेडियो पर हर रविवार को आधे घंटे के लिए प्रसारित किया जाता है। श्री मोदी ने कहा कि भारतीय फिल्म और कला जगत से जुड़ी चर्चाएं वहां भारतीय समुदाय के बीच काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री ने इस पहल के लिए कुवैत सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने मन की बात में हाल ही में संपन्न योग दिवस का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया । प्रधानमंत्री ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में शामिल हो रहे भारतीय दल के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में

खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर भारतीय का दिल जीत लिया था। वो ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद करते है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी परिवार को भी बधाई दी क्योंकि आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन आज अपने प्रसारण के पचास वर्ष पूरे कर रहा है। उन्होंने कहा कि पचास वर्षों से लगातार इस बुलेटिन ने बहुत से लोगों को संस्कृत से जोड़ रखा है। प्रधानमंत्री ने मन की बात के माध्यम से लोगों से एक बार फिर जुड़ने में प्रसंन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मन की बात रेडियो का कार्यक्रम कुछ महीनों के लिए रूक गया था लेकिन देश और समाज में मन की बात की भावना लगातार बनी रही। श्री मोदी ने कहा कि मन की बात के माध्यम से भारत की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और विकसित भारत बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा होती रहेगी।

तीन नए आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता–बीएनएस, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–बीएनएसएस और भारतीय साक्ष्य अधिनियम–बीएसए कल से लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें कर इन कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण तथा जागरुकता उत्पन्न करने की व्यापक तैयारी की है। इस संबंध में पुलिस और जांच अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। दूरदर्शन और आकाशवाणी के समाचार बुलेटिनों, कार्यक्रमों, चर्चाओं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से भी इस विषय पर गहन चर्चाएं और विश्लेषण किए गए हैं। इसके अतिरिक्त विद्यालय और उच्च शैक्षणिक संस्थानों में नये कानूनों से जुड़े पाठ्यक्रम मॉड्यूल को अनिवार्य रूप से शामिल भी किया गया। नए आपराधिक कानूनों में जांच, मुकदमे और अदालती कार्यवाही में प्रौद्योगिकी पर जोर दिया गया है।

जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आज नई दिल्ली में नए थल सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जनरल द्विवेदी ने पन्द्रह दिसंबर उन्नीस सौ चौरासी को थलसेना की इन्फैंट्री– जम्मू और कश्मीर राइफल्स में कमिशन प्राप्त किया था।

मॉनसून के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले तीन से चार दिनों तक प्रदेश के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य समेत विभिन्न भागों में मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। इधर, विभाग ने अगले एक से दो घंटों के दौरान पटना भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नालंदा समेत राज्य के दक्षिणी जिलों में कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

समाप्त